**दिनांक–03.07.2025 को ईखायुक्त, बिहार की अध्यक्षता में हरसिद्धि प्रखण्ड में गन्ना प्रशिक्षण केन्द्र के शिलान्यास से संबंधित विडियो कॉन्फ्रेन्सिग के माध्यम से सम्पन्न बैठक की कार्यवाही**

**उपस्थिति** :– श्री श्रीप्रकाश, संयुक्त सचिव / श्री जय प्रकाश नारायण सिंह, संयुक्त ईखायुक्त / श्री राहुल कुमार, ईख पदाधिकारी, मोतिहारी / श्री अविनाश कुमार, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण / श्री प्रेम कुमार, सहायक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण।

बैठक की कार्यवाही ईखायुक्त, बिहार की अध्यक्षता में आरम्भ हुई।

सर्वप्रथम ईखायुक्त, बिहार द्वारा दिनांक–09.07.2025 को हरसिद्धि प्रखण्ड में गन्ना प्रशिक्षण केन्द्र के शिलान्यास से संबंधित अग्रिम तैयारी के संबंध में श्री राहुल कुमार, ईख पदाधिकारी, मोतिहारी को शिलापट्ट पर अंकित की जाने वाली सूचना तथा उक्त कार्यक्रम का मिनट–टू–मिनट कार्यवाही तैयार कर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

श्री प्रेम कुमार, सहायक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण द्वारा बताया गया कि हरसिद्धि प्रखण्ड में गन्ना प्रशिक्षण केन्द्र हेतु भवन निर्माण विभाग से अबतक निविदा नहीं हुआ है, इससे शिलान्यास करने में कठिनाई हो रही है। इसपर श्री अविनाश कुमार, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण द्वारा भी सहमति व्यक्त की गयी।

श्री श्रीप्रकाश, संयुक्त सचिव, गन्ना उद्योग विभाग द्वारा भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पदाधिकारी से दूरभाष के माध्यम से वार्ता की गयी। वार्ता के क्रम में उपर्युक्त कठिनाई का अविलम्ब निराकरण का आश्वासन प्राप्त हुआ। जिसके आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा भवन निर्माण विभाग के उक्त अभियंताओं को शिलान्यास हेतु तैयारी करने का निदेश दिया गया।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गई।

(अनिल कुमार झा)
ईखायुक्त, बिहार।

ज्ञापांक–01 / बजट–29 / 2025– 1030/ई०का० / पटना, दिनांक– 03 जुलाई, 2025

प्रतिलिपि–श्री श्रीप्रकाश, संयुक्त सचिव / श्री जय प्रकाश नारायण सिंह, संयुक्त ईखायुक्त / श्री राहुल कुमार, ईख पदाधिकारी, मोतिहारी / श्री अविनाश कुमार, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण / श्री प्रेम कुमार, सहायक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ईखायुक्त, बिहार।

ज्ञापांक–01 / बजट–29 / 2025– 1030/ई०का० / पटना, दिनांक– 03 जुलाई, 2025

प्रतिलिपि–सचिव, गन्ना उद्योग विभाग के प्रधान आप्त सचिव / ईखायुक्त, बिहार, पटना के निजी सहायक को सूचनार्थ प्रेषित।

ईखायुक्त, बिहार।

ज्ञापांक–01 / बजट–29 / 2025– 1030/ई०का० / पटना, दिनांक– 03 जुलाई, 2025

प्रतिलिपि–आई० टी० प्रबन्धक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

ईखायुक्त, बिहार।